


160 स्थानों पर शिविर के माध्यम से 9738 मरीजों का निःशुल्क इलाज

प्रदेश में सबसे ज्यादा मेडिकल वाहन भिलाई निगम के पास, 2 नग मोबाइल मेडिकल यूनिट, एक दाई-दीदी क्लीनिक, दो एंबुलेंस।

निगम क्षेत्र के वार्डों में सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दे रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं....

मोबाइल मेडिकल यूनिट में पैथोलॉजी जांच, हिमोग्लोबिन, शुगर, बीपी एवं पेशाब सहित 41 प्रकार के रक्त जांच की सुविधा

## न अपॉइन्टमेंट न कतार

# मोबाइल मेडिकल यूनिट आपके द्वार



दाई-दीदी क्लिनिक में महिला डॉक्टर एवं स्टॉफ के द्वारा आम मरीजों के अलावा कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष इलाज।



अनुभवी एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों का बेहतर उपचार



## नगर पालिक निगम, भिलाई



# जागरूकता अभियान से डेंगू को किया नियंत्रित









नगर पालिक निगम, भिलाई



# डेंगू नियंत्रण करने निगम क्षेत्र में सालभर अभियान



सालभर निगम क्षेत्र में डेंगू के रोकथाम को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया।

नियमित सफाई, कूलर की सफाई, घरों में टेमीफास दवा का वितरण, नालियों में मलेरिया ऑइल, मैलाथियान दवा का छिड़काव, शौचालयों के गैस पाइप में मच्छर जाली और फागिंग कर लार्वा को नष्ट करने का कार्य किया।

घर-घर सर्वे अभियान, लार्वा को नष्ट करने तथा जनजागरूकता प्रचार-प्रसार किया गया। इसका लाभ यह हुआ कि पिछले दो साल से निगम क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण में है।



**नगर पालिक निगम, भिलाई**



# कर्मचारियों का रखा ख्याल

# 67 आश्रितों को दी गई अनुकंपा नियुक्ति

नगर पालिक निगम की सेवा करते हुए कई कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। उनके परिजनों को अनुंकपा नियुक्ति देने में बहुत सारी अड़चनें आईं। नगर पालिक के नियमित पद संरचना में कई पद स्वीकृत नहीं थे जिन पर अनुकंपा नियुक्ति देनी थी। जिसे सलाहकार समिति की सुझाव के अनुसार दूर करते हुए महापौर परिषद ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया।

2015 से लेकर अब तक – मृतक परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई।

2020 में दीपावली त्योहार के ठीक पहले महापौर परिषद ने 26 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति का पत्र सौंपा गया।

सहायक ग्रेड 3, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, वाहन चालक और भृत्य जैसे पदों पर नियुक्ति की गई है।

# साकार हो रहा सुंदर भिलाई की

# परिकल्पना



सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत सुपेला स्थित वॉच टावर का मरम्मत एवं रंगरोगन कराया गया।

रोपवे लाइट्स की जगमगाती रंगीन-रोशनी से वॉच टावर सुंदर एवं आकर्षक लग रही है।

रंग-बिरंगी रोपवे लाइट की रोशनी से रात में नेशनल हाइवे सुंदर व आकर्षक दिखती है।

शहर के प्रमुख सड़कों के ट्यूबलर पोल पर रंगीन रोपवे लाइट लगाने का कार्य किया।

सुपेला घड़ी चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक कोहका रोड, सड़क नंबर-18, हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा मार्ग और सेक्टर-5 की प्रमुख सड़कों के ट्यूबलर पोल पर रोपवे लाइट लगाया गया है।

चौक-चौराहो का सौंदर्यीकरण योजना अंतर्गत शहीद स्मारकों का मरम्मत एवं रंगरोगन करवाया।

**नगर पालिक निगम, भिलाई**


साकार हो रहा सुंदर भिलाई की
परिकल्पना
नगर पालिक निगम भिलाई

स्वच्छ भिलाई
सुन्दर भिलाई

# प्रदेश का पहला निगम

# किराएदारों को बनाया मकान मालिक



भिलाई, प्रदेश का पहला नगर पालिक निगम है। जिसने आईएचएसडीपी, अटल आवास, वाम्बे आवास, रैश्ने आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में वर्षो से किराए पर रहे परिवारों को अधिकार सौंपकर मकान का मालिक होने का हक प्रदान किया। स्वयं का मकान होने पर 200 परिवारों की छत की चिंता दूर हो गई। मकान के किस्त के रूप में राशि मिलने से निगम प्रशासन के आय में वृद्धि होगी।

**आईएचएसडीपी आवास की संख्या**
749 आवंटित

**वाम्बे आवास**
549 आवंटित

**अटल आवास**
124 आवंटित

**रैश्ने आवास**
205आवंटित





नगर पालिक निगम भिलाई

# गढ़ कलेवा




# छत्तीसगढ़ी व्यंजन को मिला स्थान





सेहत और स्वास्थ्य से जुड़े छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल हाइवे के किनारे नेहरू नगर स्थित गॉर्डन में बहुत जल्द गढ़कलेवा की शुरू किया जाएगा। यहां आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे जाएंगे। इसके लिए मेयर इन काउंसिल से मंजूरी मिल गई है।

गढ़ कलेवा के संचालन में महिला स्व सहायता समूहों को प्राथमिकता। भिलाई निगम प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

महिला समृद्धि बाजार, साइकिल स्टैंड का ठेका, गोठान का काम, कैंटिन का काम सब महिलाओं को दिया गया है। महिलाएं इसका बेहतर संचालन कर रही हैं।

भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप शहरी गोठान के सामने कैंटिन में महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाती है। जिससे वे अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

## पारंपरिक व्यंजन



चीला, फरा, अंगाकर रोटी, ठेठरी, खुरमी सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध रहेगा।

**नगर पालिक निगम भिलाई**



# सैकड़ों वाहनों को सुरक्षित रखने बना स्टैंड



लागत **56 लाख**

क्षेत्रफल **05 एकड़**

नगर पालिक निगम प्रशासन की गाडियों को खड़ी करने के लिए सुरक्षित जगह नहीं थी। गाडियां जोन कार्यालय और निगम मुख्यालय में खड़ी की जाती थी। इससे वाहनों के ईंधन पर अनावश्यक खर्च होता था। खर्च में कटौती के लिए भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप की पांच एकड़ जमीन पर सिटी बस डिपो का निर्माण किया गया। जहां एक हजार से अधिक गाडियां खड़ी की जा सकती है।

गाडियों की सर्विसिंग के लिए कमरे और ट्रैक का निर्माण।

गाडियों की धुलाई के लिए फाइटोराइट सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट।

कोसानाला के पानी को ट्रीटमेंट कर धुलाई के लिए उपयोग में लाया जाता

वाहनों की सुरक्षा के लिए वॉच टावर और गार्ड रूम का निर्माण।

नगर पालिक निगम, भिलाई


लागत
26.88 लाख
चबूतरा व टिन शेड
15 नग
पौनी पसारी योजना
स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को
बढ़ावा देने एक बेहतर प्लेटफार्म
पौनी पसारी योजनांर्गत स्थानीय लोगों को उनके परंपरागत व्यावसाय को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराया।
इस योजना के अंतर्गत वार्ड-26 हाउसिंग बोर्ड एसबीआई रोड के बाजू में संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप शेड और चबूतरे का निर्माण किया गया। नाली और टायलेट और पार्किंग स्थल पर पेवर ब्लाक लगाया गया है।
15 चबुतरे का निर्माण किया गया है जिसमें स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरा को बढ़ावा देने के लिए व्यवसायियों स्थल दिया जाएगा।
नगर पालिक निगम भिलाई




# प्रियदर्शनी परिसर में
# असहायों को मिला आश्रय

- नगर पालिक निगम प्रशासन ने प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में दो मंजिला आश्रय स्थल का निर्मा?ा किया है।
- निगम प्रशासन की ओर से रहने, खाने से लेकर मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।
- आश्रय स्थल में असहायों और गरीब लोगों को फायदा मिल रहा है। यहां कई असहाय महिला, बच्चे और बुजुर्ग रह रहे हैं।
- आश्रय स्थल की देखरेख स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही है



**आश्रय स्थल में रह रहे 167 लोगों को उनके परिवार से मिलवाया।**




**नगर पालिक निगम, भिलाई**

# कोरोना काल में सहारा बना

# राहत शिविर





प्रवासियों को घर जैसी मिली सुविधाएं...









नगर पालिक निगम, भिलाई

स्वच्छ भिलाई
सुन्दर भिलाई








# हमर सियान मन के गोठबात के लिए ठीहा

- निगम क्षेत्र में सियान सदन संचालित करने वाला प्रदेश का पहला नगर पालिक निगम भिलाई ही है।
- वार्ड-3 प्रियदर्शनी परिसर में भवन निर्माण की स्वीकृति।।
- वार्ड-4 राधिका नगर सियान सदन भवन निर्माणाधीन।

नगर पालिक निगम प्रशासन ने नेहरू नगर से सियान सदन शुरू किया था। वरिष्ठ नागरिकों की मांग पर निगम प्रशासन की पहल से वार्ड-4 कृष्णा नगर,वार्ड-8 टाटा लाइन कोहका, वार्ड-9 वैशाली नगर, वार्ड-69-70 शहीद कौशल यादव उत्तर व दक्षिण सियान सदन संचालित है। जहां वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए कुर्सी टेबल,शुद्ध पेयजल और मनोरंजन के लिए जन सहयोग से सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

**नगर पालिक निगम, भिलाई**


स्वास्थ्य और सेहत का रखा ध्यान
तफरीह ने बनाई भिलाई की पहचान...
स्वच्छ सुन्दर, प्रसन्न भिलाई
NIKE
नगर पालिक निगम, भिलाई

# तफरीह

# मनोरंजन के साथ प्रतिभाओं को मिला मंच



जनवरी 2017 में महापौर परिषद के सदस्यों ने लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ खेल, डांस, चित्रकला, गीत-संगीत सहित अन्य प्रतिभाओं को तफरीह के मंच पर हुनर को निखारने के लिए मौका देने का निर्णय लिया था। नगर पालिक निगम प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से टाउनशिप में संडे तफरीह के मंच से आउट एवं इंडोर गेम में लूडो, चेस, कैरम, आउटडोर बास्केटबॉल, वॉलीबाल और रोप जम्प सहित खेलकूद का आयोजन हुआ, तो कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए पहुंचे भीड़ देखकर लगा कि तफरीह शहर की मांग है। सामाजिक संगठन, योगा क्लब, चिकित्सा संस्थानों ने निःशुल्क सेवाएं दी। आयोजन सफल रहा।



स्वच्छ सुन्दर, प्रसन्न भिलाई

नगर पालिक निगम, भिलाई



# जल संरक्षण- पानी की हर एक बूंद है कीमती

- भू-जल स्रोत को बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम प्रशासन ने वार्डो के हैंडपंप के आसपास प्राथमिकता से शोकपिट का निर्माण किया।
- शासन के आदेशानुसार निगम प्रशासन ने अभियान चलाकर व्यक्तिगत मकान, व्यावसायिक कॉम्प्ले स, स्कूल, कॉलेज, मैरिज पैलेस और होटलों में वाटर हार्वेस्टिंग बनवाने के लिए जोर दिया।
- शासकीय भवन, स्कूल, खेल मैदान, उद्यान और तालाबों में वाटर हार्वेस्टिंग बनवाया गया।
- खुर्सीपार, छावनी और टाउनशिप क्षेत्र के कुओं की सफाई कराने पर जोर दिया। कुछ स्थानों पर चबूतरा निर्माण कर जाली भी लगाई गई।
- वार्ड-6 शीतला तालाब में 40 हजार की लागत से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया है।
- निगम क्षेत्र के 24 तालाबों की साफ-सफाई के साथ सीवरेज के गंदा पानी को रोकने के लिए नालियों को डायवर्ट किया गया। इससे अब शहर के सभी तालाबों का पानी स्वच्छ एवं निस्तारी योग्य बन गया है।

नगर पालिक निगम, भिलाई

## मातृ शक्ति का सम्मान, पिंक गार्डन का निर्माण

# प्रदेश का पहला पिंक गार्डन भिलाई में

केवल महिलाओं की एंट्री





नेहरू नगर, वैशाली नगर, बापू नगर, सेक्टर-2, सेक्टर-5 में तैयार हो चुका है गार्डन

- सभी जोन क्षेत्र में बनाया गया पिंक गार्डन
- योगाभ्यास के लिए कारपेट ग्रास.
- व्यायाम के लिए चेस्ट प्रेस, स्काई वाटर, मल्टी थाईनर, सोल्डर बिल्डर

**नगर पालिक निगम, भिलाई**